तापमान
अधिकतम 25.6 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 22 जनवरी 2026

12 पूरे हर्षोल्लास, गरिमा एवं भव्यता के साथ मनाया ...



12 गीता ज्ञान हृदय में धारण करने से जीव को संसार ...



## खबर संक्षेप

### कार्यालय का ताला तोड़कर नकदी चोरी

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव मलिकपुर में चोरों ने एक युवक के कार्यालय का ताला तोड़कर दराज से 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मलिकपुर निवासी विकसित केशव ने साढौरा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव में ही कार्यालय बनाया हुआ है। वह देर शाम अपने कार्यालय को बंद करके घर चला गया था। सुबह आया तो टेबल पर लगा दराज खुला पड़ा था और अंदर से 20 हजार रुपये गायब थे।

### ट्रैक्टर पर स्टंट करते समय 13 वर्षीय लड़की घायल

**यमुनानगर।** शहर की अमरपुरी कॉलोनी में ट्रैक्टर से स्टंट करते समय 13 वर्षीय लड़की घायल हो गई। घायल लड़की का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पानीपत में पुलिस ने नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने समालखा से हथवाला जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी कर बाइक सवार दिलशाद पुत्र ताज अली निवासी अशोक विहार, लोनी, गाजियाबाद, यूपी को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से बाइक व 4 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश कर आठ दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य लोगों के बारे में जानकारी एकत्र करेंगे।

### महिला वकील की जमानत नामंजूर

**पानीपत।** स्वास्थ्य विभाग के पानीपत स्थित सिविल अस्पताल में नियुक्त मलेरिया निरीक्षक को हनीट्रैप का शिकार बना चुकी महिला वकील पूजा की अदालत ने जमानत नामंजूर कर दी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश चौधरी की अदालत ने मामले की गंभीरता और गवाहों के बयानों को आधार मानते हुए आरोपी पूजा को जमानत देने से इंकार कर दिया। जज चौधरी की अदालत ने आरोपी पूजा तीसरी बार जमानत याचिका खारिज की है।

## अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया बोलीं

# प्रदेश की बेटियां चांद से लेकर पाताल तक लहरा रही हैं परचम

### तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि आज सरस्वती महोत्सव में सरस्वती के पावन तट पर आप यहां आए है, वे एक विश्वास लेकर जाए कि हमें दो बेटियों को सफल बनाना है, चाहे वे शिक्षा के क्षेत्र में हो या रोजगार के क्षेत्र मे हो। वे दिन दूर नहीं जब इन बेटियों में से ही कोई न कोई महिला आयोग की अध्यक्षा होंगी। महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया बुधवार को अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के तीसरे दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ करने के उपरांत संबोधित कर रही थी। इससे पहले चेयरपर्सन रेनू भाटिया व हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने दीप प्रज्वलित करके विधिवत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेटियां चांद से लेकर पाताल तक भारत देश का परचम लहरा रही है। महिला आयोजन की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बच्चों को कहा कि इंटरनेट का दुरुपयोग न करके उसका सदुपयोग करें।





**पिहोवा।** महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया को स्मृति चिह्न भेंट करते हरियाणा धरोहर सरस्वती विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

महोत्सव में बैठी बेटियों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि मैं कुरुक्षेत्र की बेटी हूं में आगे बढूगी। अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2026 के तीसरे दिन उपमंडल पिहोवा सरस्वती तट पर विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ महिला आयोग की चयेरपर्सन रेनू भाटिया ने किया। इस मौके पर उनके साथ पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर भी उपस्थित रहें।

### भांग रगड़ के पिया करू मैं कुंडी सौटे आला हूं ...

इसी कड़ी में हरियाणा के लोकप्रिय कलाकार व भारत पद्मश्री आवार्डी महावीर गुड्डू जो प्रसिद्ध गीत भांग रगड़ कै पिया करू मैं कुंडी सौटे आला हूं, मेरे पाछा-पाछा सावरियां व अन्य गीतों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर उन्होंने हरियाणवी गीतों के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति से लोगों को अवगत करवाया। सरस्वती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को मां सरस्वती की प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सेल्फी प्वाइंट आकर्षक का केंद्र

सरस मेले द्वारा किया जा रहा लोगों का मनोरंजन अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में विभिन्न कलाएं देखने को मिल रही हैं। लोग महोत्सव में आकर स्वयं को आनंदित महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद आमजन द्वारा लिया जा रहा है। इसके साथ ही संगीत एवं सरस मेले द्वारा लोगों का मनोरंजन किया जा रहा है। महोत्सव में बने सेल्फी प्वाइंट पर लोग अपनी फोटो खिचवा रहे हैं तथा हरियाणवी स्टाइल की पगड़ी बंधवा रहे हैं। यहां पर आए हुए लोग इस महोत्सव की कई यादें अपने साथ ले जा रहे है। हरियाणा धरोहर सरस्वती विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, घुमंतु जाति के चेयरमैन जयसिंह पाल, बीबी करतार कौर, एसडीएम अनिल दून, नपा चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, सुशील राणा, महिला मंडल अध्यक्ष गीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा: अरोड़ा

# यमुनानगर से मथुरा, वृंदावन के लिए शुरू की बस सेवा



**यमुनानगर।** बस स्टैंड परिसर से झंडी दिखाकर वृंदावन के लिए बस को रवाना करते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### एक तरफ का किराया 396 रुपये, ऑनलाइन बुकिंग सुविधा शुरू की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा राज्य परिवहन ने जिलावासियों की मांग पर यमुनानगर से वृंदावन, मथुरा वाया दिल्ली, पलवल व कोशीकला तक बस सेवा का शुभारंभ किया है। बुधवार को यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने झंडी दिखाकर बस का शुभारंभ कर् से रवाना किया। मौके पर उपायुक्त प्रीति, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा व जीएम रोडवेज संजय रावल भी मौजूद रहे। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि इस बस सेवा का उद्देश्य यमुनानगर के धार्मिक यात्रियों को सीधी,सुरक्षित, सुगम एवं किफायती यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है। यह पहल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि यह बस यमुनानगर से सुबह साढ़े सात बजे चलेगी और मथुरा वृंदावन में शाम 4 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार मथुरा वृंदावन से बस सुबह साढ़े नौ बजे चलेगी और यमुनानगर लगभग शाम 6 बजे पहुंचेगी। इस यात्रा का एक तरफ का किराया 396 रुपये है जो कि लगभग एक रुपया प्रति किलोमीटर पड़ता है। इस यात्रा की बुकिंग के लिए भविष्य में ऑनलाइन बुकिंग सुविधा शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हरियाणा राज्य परिवहन यमुनानगर के बेड़े में कुल 159 बसें हैं। जोकि अंतरराज्यीय, राज्यीय व ग्रामीण मार्गों पर यात्रियों व विद्यार्थियों को परिवहन सुविधा उपलब्ध करवा रही है।

## मिड डे मील की क्वालिटी पर सवाल

# नौनिहालों को बांटी जा रही घटिया खाद्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सरकारी स्कूल रादौर में स्थित मिड डे मील में नौनिहालों को घटिया क्वालिटी का राशन दिया जा रहा है। अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी क्वालिटी में सुधार नहीं किया गया। समाजसेवी संदीप सैनी ने बताया कि जब उन्होंने सरकारी स्कूल रादौर का दौरा कर मिड डे मील चेक किया तो वहां खाने में इस्तेमाल होने वली सामग्री घटिया क्वालिटी की पाई। उन्होंने बताया कि उन्हें कई बार इस बारे शिकायत मिल रही थी। जिसको लेकर वे बुधवार को स्कूल पहुंचे। घटिया सामग्री से बने राशन से स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा था। बच्चों के अभिभावकों ने कहा कि उनके बच्चों में पोषण की बजाय बीमारियां घर करने की चिंता उन्हें सता रही है। स्कूलों के मिड डे मील में घटियां किस्म का राजमा व अन्य खाद्य सामग्री भेजी गई। समाजसेवी संदीप सैनी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को शिकायत पत्र भेजकर स्कूलों में बच्चों को घटिया खादय सामग्री उपलब्ध करवाये जाने वाले दोषी अधिकारियों के प्रति सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। अभिभावक संजू, अनिल कुमार, सतीश कुमार, रघुबीर, सुभाष, राजपाल आदि ने बताया कि बच्चों को स्कूलों में घटिया किस्म का भोजन दिया जा रहा है।



**यमुनानगर।** रादौर के सरकारी स्कूल के मिड डे मील में भेजा गया घटिया किस्म का राजमा।

## तस्करों ने दो स्थानों से चुराई लाखों रुपये की खैर की लकड़ी

**यमुनानगर।** तस्करों ने अलग-अलग दो स्थानों से लाखों रुपये की खैर की लकड़ी काटकर चोरी कर ली। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद सात खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। व्यासपुर ब्लॉक के इंचार्ज वन दरोगा मान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 जनवरी की रात को वह क्षेत्र में गश्त कर रहा था। संधाए जंगल से खैर तस्करों ने खैर की लकड़ी काटकर चोरी कर ली है। जंगल से खैर की लकड़ी कटी मिली। जिसकी कीमत करीब 70 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**खिल्लेवाला जंगल से खैर की लकड़ी चोरी**

कलेसर वन जीव निरीक्षक इंस्पेक्टर लीलु राम ने बताया कि खैर तस्करों ने गांव खिल्लेवाला जंगल से खैर की लकड़ी काटकर चोरी कर ली। जाटोंवाला निवासी प्रवेज, नूर मोहम्मद, इस्ताक उर्फ ताका, इनाम व कालिम ने खैर के पेड़ों को काटकर चोरी किया है। जिनकी कीमत करीब 40 हजार रुपये है।

## रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा हरियाणा: सुभाष

# रोजगार मेले में 417 अभ्यार्थियों ने भाग लिया, 86 का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

जिला रोजगार कार्यालय कुरुक्षेत्र की ओर से निजि क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शाहाबाद के विश्रामगृह में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने फीता काटकर किया। रोजगार मेले में 417 अभ्यिार्थियों ने भाग लिया और 86 का चयन किया गया। विश्रामगृह में अल्पविराम के लिए पहुंचे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी रोजगार मेले का अवलोकन किया और इस मेले को युवाओं के लिए विशेष बताया। सुभाष कलसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो रहा है। जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने बताया कि इस रोजगार मेले में मुख्य नियोजकों में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, नवीन जिंदल फांडेशन, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड गुरुग्राम, पुखराज हेल्थ केयर, रामाया हेल्थ केयर, सात्विक सोलर प्लांट, आदेश मेडिकल कॉलेज, सीआईएस सिक्योरिटी लिमिटेड, भारतपे आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 89 योग्य उम्मीदवारों का चयन किया गया जबकि 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लेमा व आईटीआई पास करीब 417 अभ्यिार्थियों ने भाग लिया। अभ्यर्थियों के लिए मेले में जलपान की समुचित व्यवस्था की गई थी। रविंद्र सांगवान ठोल, मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, अंकुर सैनी, मनदीप रावा आदि मौजूद रहे।



**शाहबद।** रोजगार मेले का अवलोकन करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व सुभाष कलसाना।

## 29 को जालंधर से रवाना होगी बेगमपुरा एक्सप्रेस

**बराड़ा।** श्री गुरु रविदास महाराज के 159वें प्रकाश पर्व एवं रविदासिया धर्म के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर संगत को लेकर स्पेशल ट्रेन बेगमपुरा एक्सप्रेस 29 जनवरी को जालंधर से बनारस के लिए रवाना होगी। अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ के संचालक संत मनदीप दास ने बताया कि यह ट्रेन सांय लगभग पांच बजे अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यहां संगत द्वारा इसका भव्य स्वागत किया जाएगा तथा चाय का लंगर वितरित किया जाएगा। संत मनदीप दास ने बताया कि काशी बनारस स्थित श्री गुरु रविदास जन्मस्थान सीर गोवर्धनपुर में 1 फरवरी को डेरा संचखंड बल्लां के गद्दीनशीन संत निरंजनदास महाराज की सरपरस्ती में भव्य समारोह आयोजित होगा। इसमें पंजाब व हरियाणा सहित देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु भाग लेंगे।

# अमेरिका भेजने के नाम पर 34.50 लाख की ठगी

### अमेरिका के बजाय कोलंबिया भेजकर बंधक बनाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

अमेरिका भेजने के नाम पर वार्ड नंबर-4 के शमशेर सिंह के साथ 34.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। आरोपियों ने उनके के बेटे को अमेरिका के बजाय कोलंबिया भेजकर वहां एक कमरे में बंधक बना लिया व उसे यातनाएं दीं। पीड़ित ने सीएम विंडो पर शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने विकास मलिक, सुनील शर्मा, सचिन मलिक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित को खुद के खर्च पर बेटे को वापस भारत बुलाना पड़ा। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर-4 निवासी शमशेर सिंह ने बताया कि अक्टूबर 2024 में उनकी मुलाकात इंस्टाग्राम के जरिए गोहाना के विकास मलिक से हुई थी। विकास ने उन्हें सुनील शर्मा व सचिन मलिक से मिलवाया था जो गोहाना में शोरूम चलाते हैं। आरोपियों ने बेटे हरपिंद्र को अमेरिका भेजने का झांसा देते हुए 40 लाख रुपये का खर्च बताया था। अपने बेटे के भविष्य के लिए पुश्तैनी जमीन बेच दी व कर्ज लेकर आरोपियों को अलग-अलग माध्यमों से 34.50 लाख रुपये दे दिए थे। आरोपियों ने हरपिंद्र को अमेरिका भेजने के बजाय कोलंबिया भेज दिया। वहां उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया व पीटा गया। अब पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### 26 लाख की धोखाधड़ी करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। परिवादी सुरिंद्र सिंहने 10 अक्टूबर 2025 को थाना महेशनगर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 16 मई 2023 से 15 सितंबर 2025 के बीच आरोपी विकास व उसके अन्य साथियों ने उसे विदेश भेजने का झांसा देकर 26 लाख 10 हजार रुपये की बड़ी राशि हड़प ली। आरोपियों ने न केवल धोखाधड़ी की, बल्कि पीड़ित को फर्जी कागजात थमा दिए और पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जांच के दौरान अब आरोपी विकास को गिरफ्तार किया गया है।



**खबर संक्षेप**

### रेडक्रॉस भवन में किया जागरूकता सेमिनार

**करनाल।** जिला रेड क्रॉस भवन में राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह जनवरी 2026 के तहत सडक़ सुरक्षा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षणार्थियों को रोड सेफ्टी और ट्रैफिक साइन की भी पूरी जानकारी दी जाए, ताकि सडक़ पर वाहन चलाते समय हर व्यक्ति यातायात नियमों का पालन करे और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि ज्यादातर सडक़ दुर्घटनाएं ओवर स्पीड, रेड लाइट क्रॉसिंग और नशे में वाहन चलाने के कारण होती हैं।

### हरियाणा व मध्य प्रदेश विस समितियों की बैठक

**करनाल।** हरियाणा विधान सभा की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के चेयरपर्सन भगवान दास कबीरपंथी के नेतृत्व में भोपाल प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश विधान सभा की समक्ष समितियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समिति के अन्य सदस्य पवन खरखौदा, शीशपाल सिंह केहरवाला एवं बिमला चौधरी भी उपस्थित रहे। बैठक में मध्य प्रदेश विधान सभा की पिछड़ा वर्ग समिति के सभापति महेन्द्र हार्डिया के साथ अरुण मीमावद, रामकिशोर दोगने तथा सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा उपस्थित रहे।

### बैठक में हड़ताल को लेकर की चर्चा

# मिड डे मील वर्कर्स यूनियन होगी राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल

**न्यूनतम वेतन, 12 महीने वेतन और रिटायरमेंट लाभ की मांग को लेकर सौंपा नोटिस**



**करनाल।** फव्वारा पार्क में मीटिंग के दौरान चर्चा करते मिड डे मील वर्कर यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

मिड डे मील वर्कर यूनियन ने 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का एलान किया है। इस संबंध में फव्वारा पार्क में मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वर्करों ने भाग लिया। मीटिंग के बाद हड़ताल का नोटिस जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय करनाल में डिप्टी सुपरीडेंट रमेश काम्बोज को सौंपा गया। यूनियन की ओर से न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये देने, पूरे 12 महीने का वेतन देने तथा रिटायरमेंट पर सभी लाभ देने की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान शिमला ने की और संचालन जिला कोषाध्यक्ष ओपी माटा ने किया। शिमला देवी, ओपी माटा, ममता और मुन्नी देवी ने कहा कि करीब 30 साल से मिड डे मील वर्कर्स सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए भोजन बनाने का काम कर रही हैं, लेकिन आज तक इन्हें कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि मानदेय केवल 10 महीने का मिलता है, जबकि काम लगभग 11 महीने तक करना पड़ता है। वर्करों ने कहा कि स्कूलों को मर्ज और बंद किए जाने से उनका रोजगार छीना जा रहा है। ड्यूटी के दौरान भोजन बनाते समय दुर्घटनाओं में कई बार वर्कर घायल हो जाते हैं और कई मामलों में मौत तक हो जाती है, लेकिन किसी प्रकार की आर्थिक मदद का प्रावधान नहीं है। सीटू जिला प्रधान बिजनेश राणा, जगपाल राणा, नीलम, वीना, कमलेश और डाचर ने कहा कि लंबे समय से मिड डे मील वर्कर्स की अनदेखी की जा रही है और कई-कई महीनों तक मानदेय नहीं दिया जाता। उन्होंने मांग की कि मिड डे मील वर्कर्स को 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन दिया जाए, वेतन 12 महीने मिले, सभी वर्कर्स को पक्का किया जाए और रिटायरमेंट पर कम से कम 3 लाख रुपये दिए जाएं। इसके अलावा वर्दी भत्ता दो हजार रुपये देने की भी मांग उठाई गई।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर नीलम, वीना, बिजनेश राणा, जगपाल राणा, मनोज कुमार, सीमा, अनीता, कमलेश डाचर, मुन्नी देवी, ममता, लक्ष्मी, गीता, कामरेड जगमाल सिंह, शिमला, कविता, मुर्ती और संतोष सहित अन्य मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर सभा शहर में निकालेगी भव्य शोभायात्रा

- रामलीला मैदान से शुरू होकर शिव मंदिर सर्राफा बाजार में होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा पुराना सर्राफा बाजार करनाल की ओर से महाशिवरात्रि के दिन शहर में विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए शिव मंदिर सर्राफा बाजार में विश्राम लेगी। मंदिर सभा की ओर से महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। प्रतिदिन प्रभातफेरियां भी निकाली जा रही हैं, जिनमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। बुधवार को प्रभातफेरी आनंद विहार और भाटो मोहल्ला पहुंची। ढोल की थाप पर नाचते हुए श्रद्धालु पालकी के साथ-साथ चल रहे थे। भजन मंडली ने भगवान शिव शंकर की आराधना की और हर हर महादेव के जयकारों से गलियां गूंज उठीं।



**करनाल।** प्रभातफेरी के दौरान पालकी के साथ चलते श्रद्धालु।

**15 को निकलेगी यात्रा**

मंदिर सभा के प्रधान रमेश जिंदल ने बताया कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन शहर में यह भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के आयोजनों के तहत एक फरवरी से 13 फरवरी तक सांग और रागिणी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं आठ से 14 फरवरी तक सत्यनारायण मंदिर हनुमान गली करनाल में शिव पुराण कथा का आयोजन होगा। इसके अलावा 23 जनवरी को प्रभातफेरी वकीलपुरा, सदर बाजार, उपकार कॉलोनी, संत नगर, चमन गार्डन, बैंक कॉलोनी और चौधरी कॉलोनी में निकाली जाएगी।

### परीक्षाओं में कृपाण संबंधी निर्णय की सराहना

**करनाल।** हरियाणा सरकार द्वारा राज्य भर में विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से आयोजित परीक्षाओं के दौरान सख्त दिशा-निर्देशों के तहत विद्यार्थियों को कृपाण ले जाने और विवाहित महिला अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र पहनने की अनुमति दिए जाने के निर्णय का व्यापक स्वागत किया जा रहा है। हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह ने इसे संवेदनशील व दूरदर्शी निर्णय बताया। परीक्षा केंद्रों पर सिख विद्यार्थियों को कृपाण और विवाहित महिला अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र पहनने को लेकर लंबे समय से व्यावहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

# जेल लोक अदालत में दस मुकदमों का निपटारा, नौ बंदी रिहा किए

- निरीक्षण के दौरान सेफ्टी हाउस में रह रहे जोड़ों से बातचीत कर जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में बुधवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन के समक्ष 10 मुकदमे रखे गए, जिनका मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। इन मामलों के निपटारे के बाद 9 बंदियों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया।न्यायिक अधिकारियों ने जेल परिसर का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों से वार्तालाप किया गया और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डा. इरम हसन ने सेफ्टी हाउस का भी निरीक्षण किया और वहां रह रहे जोड़ों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उपस्थित जोड़ों को माता-पिता व वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करने तथा प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित किया गया।

# कारागार व नारी निकेतन का निरीक्षण मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी दी

- बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की जानकारी देकर समाज से कुरीति खत्म करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बुधवार को जिला कारागार और नारी निकेतन का दौरा किया।

उन्होंने जिला कारागार में रह रहे बंदियों से बातचीत की और उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी। साथ ही बंदियों को प्रदान की जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी खुशबू गोयल भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा ने नारी निकेतन में रह रही महिलाओं से बातचीत की और वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डा. इरम हसन ने महिलाओं को अभियान 'बाल विवाह मुक्त भारत' की जानकारी दी और बाल विवाह जैसी कुरीति को समाज से उखाड़ फेंकने के लिए प्रेरित किया। हमें अपने बच्चों का बाल अवस्था में विवाह नहीं करना है। यदि समाज में कहीं भी बाल विवाह जैसी घटना की जानकारी मिलती है तो उसे रोकना चाहिए।



**करनाल।** कारागार का निकरीक्षण करते हुए।

# स्वामी प्रणवानंद ने श्रद्धालुओं को जीवन का सार समझाया

- प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की दूसरी वर्षगांठ पर प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

श्री हनुमान सेवा समिति की ओर से मां अन्नपूर्णा धाम में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर पंचम दिन के कार्यक्रम में पूज्य महामंडलेश्वर वेदांताचार्य स्वामी प्रणवानंद सरस्वती जी महाराज (इंदौर) ने अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को जीवन का सार समझाया। महाराज ने ग्रंथों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये केवल पढऩे या सुनने के लिए नहीं हैं, बल्कि हमें सही ढंग से जीना सिखाते हैं। शास्त्रों में निहित ज्ञान मानव जीवन को मर्यादित, संयमित और सदाचार की ओर ले जाने वाला है। तीनों गुणों (सत्त्व, रज, तम) का विस्तार से वर्णन करते हुये कहा कि भारतीय दर्शन के अनुसार प्रकृति के तीन मूल गुण माने गए हैं, सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण। इन्हीं तीनों गुणों के प्रभाव से मानव का स्वभाव, विचार, कर्म और जीवन की दिशा तय होती है। पंचम दिवस की कथा में भी इन्हीं गुणों का गहन विवेचन किया गया। सत्त्वगुण को शुद्धता, ज्ञान और प्रकाश का गुण माना गया है। यह गुण मनुष्य में सद्बुद्धि, शांति, संयम, करुणा और विवेक को जागृत करता है। सत्त्वगुण से युक्त व्यक्ति सत्य के मार्ग पर चलता है, सेवा, भक्ति और ज्ञान को महत्व देता है तथा उसके आचरण में संतुलन और सरलता होती है। सत्त्वगुण जीवन को ऊँचाई की ओर ले जाता है और आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। रजोगुण को कर्म, इच्छा और सक्रियता का गुण कहा गया है। यह गुण मनुष्य को कार्य करने, आगे बढऩे और उपलब्धियाँ प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है।



**तरावड़ी।** व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को प्रवचन करते पूज्य महामंडलेश्वर वेदांताचार्य स्वामी प्रणवानंद सरस्वती महाराज व उपस्थित श्रद्धालुगण। *फोटो : हरिभूमि*

**सद् मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी**

पंचम दिवस की कथा में स्वामी श्री परमानंद सरस्वती जी महाराज के विचारों ने श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन और सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथा स्थल पर भक्ति भाव का वातावरण बना रहा और श्रद्धालु प्रवचनों को एकाग्रचित होकर सुनते नजर आए।अंत में आश्रम प्रशासन एवं आयोजन समिति की ओर से सभी संतजनों, यजमानों, अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर साधू राम सिंगला, बालकिशन त्रिपाठी, अमन शर्मा, वेद सलूजा, विपिन छाबड़ा, प्रदीप गर्ग, प्रवीन गर्ग, नरेश अरोड़ा, विनोद कुमार गोयल, यशपाल, राजेन्द्र गिरधर, अनिल सिंगला, राजेश जैन, शिवनाथ कपूर, वेद कटारिया, अशोक लूथरा, पार्षद नरेश गाबा, अशोक काठपाल, संजय गाबा सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे किसान : बहादुर

- हरियाणा की मंडियों में घोटाले की परतें खुलने का दावा, बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने धान घोटाले के सभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि जांच अधिकारियों के पास घोटाले से जुड़े पुख्ता सुबूत मौजूद हैं, इसके बावजूद आरोपियों को पकड़ा नहीं जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस की बात करती है, लेकिन धान घोटाले से यह साबित हो गया है कि भ्रष्टाचार करने वालों को खुली छूट दे दी गई है। बहादुर मैहला ने कहा कि हरियाणा में आए दिन धान घोटाले की नई परतें खुलकर सामने आ रही हैं। करनाल की कोई भी मंडी ऐसी नहीं बची, जहां घोटाले को अंजाम न दिया गया हो। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों की आय दोगुणी करने का वादा किया था, लेकिन अब झूठा दावा किया जा रहा है कि किसानों की आय दोगुणी से भी ज्यादा हो गई है।



बहादुर मैहला बलड़ी।

# ताल तरंग कार्यक्रम का सफल आयोजन

- रंगारंग कार्यक्रम में कर्मचारियों व परिवारजनों ने प्रस्तुत की विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

पंजाब नेशनल बैंक, करनाल सर्किल द्वारा 21 जनवरी 2026 को "पीएनबी ताल तरंग" सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन पंचायत भवन, एनडीआरआई गेट के समीप, करनाल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंडल प्रमुख त्रिमूर्ति शिव पांडे ने किया। इस अवसर पर उप मंडल प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में सुप्रसिद्ध संगीत विद्वान डॉ. कृष्ण अरोड़ा, विभागाध्यक्ष—संगीत, गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल उपस्थित रहे। डॉ. कृष्ण अरोड़ा ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रतिभा को मंच देने के साथ-साथ कर्मचारियों में आपसी समन्वय और उत्साह बढ़ाते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कर्मचारियों ने समूह नृत्य, समूह गीत, स्किट, शास्त्रीय वाद्य, मोनो एक्टिंग, सुगम गायन (एकल/युगल), शास्त्रीय गायन एवं नृत्य जैसी विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम ने दर्शकों को भरपूर मनोरंजन प्रदान किया।




**विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए**

समारोह के समापन अवसर पर पीएनबी खेल उत्सव एवं पीएनबी ताल तरंग के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। ताल तरंग के विजेता प्रतिभागियों को आगामी अंचल स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए चयनित किया गया। मंच का संचालन दीपिका एवं रेणु देवी द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में बैंक अधिकारियों प्रदीप मुंडेजा, अतुल कौशिक, आर के मलिक, रवि वर्मा का उल्लेखनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर नोडल अधिकारी संगीता ने सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# कुपोषण मुक्त जिला बनाना प्रशासन की प्राथमिकता

- गंभीर व मध्यम कुपोषित बच्चों की पहचान कर पोषण स्तर सुधारने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला को कुपोषण मुक्त करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए अभिभावकों को बच्चों के लिए पौष्टिक आहार के बारे में अधिक से अधिक जागरूक किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे। अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार मेहता ने कहा कि ऐसे गांवों पर विशेष नजर रखी जाए, जहां कोई बच्चा कमजोर पाया जाता है। इन स्थानों पर आंगनवाड़ी वर्करों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाए और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित किया जाए। मेहता बुधवार को गंभीर कुपोषित और मध्यम कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर की समीक्षा बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों व स्टाफ को निर्देश दे रहे थे। बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में गंभीर कुपोषित और मध्यम कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना अनिवार्य है। आंगनवाड़ी स्तर पर हर बच्चे के स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी की जाए और समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि बच्चों के खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### नगराधीश की देखरेख में परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभ्यास

# पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस समारोह की पहली रिहर्सल

*हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण करेंगे ध्वजारोहण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

पुलिस लाइन में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह की पहली रिहर्सल नगराधीश एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी मोनिका शर्मा की देखरेख में आयोजित की गई। इस बार गणतंत्र दिवस पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। जिला में गणतंत्र दिवस समारोह को धूमधाम, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाने के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। नोडल अधिकारी मोनिका शर्मा ने बताया कि इसी क्रम में पुलिस लाइन में पहली रिहर्सल कराई गई। इस मौके पर प्रोबेशनरी डीएसपी राखी विश्वकर्मा ने परेड का नेतृत्व किया। परेड में पुलिस, महिला प्लाटून, होम गार्ड, एनसीसी गर्ल्ज, एनसीसी ब्वायज (आर्मी विंग), एनसीसी जीडी जूनियर विंग, स्काउट और बैंड की टुकड़ियों ने भाग लिया। रिहर्सल के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सामूहिक मॉस पीटी, लेजियम और डंबल का प्रदर्शन भी किया गया। कनिष्का पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का प्रदर्शन किया गया, जिसे दर्शकों ने सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अभ्यास में डीएवी पुलिस लाइन पब्लिक स्कूल, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर सात, दून इंटरनेशनल स्कूल, प्रकाश पब्लिक स्कूल, पार्थ पब्लिक स्कूल घरौंडा के विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां दीं।



**करनाल।** पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस रिहर्सल के दौरान परेड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अभ्यास करते प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, मेधावी छात्रों, खिलाड़ियों तथा एनजीओ व समाजसेवकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से सुंदर झांकियां भी निकाली जाएंगी। इस अवसर पर एसडीएम प्रदीप कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और टीमों के इंचार्ज मौजूद रहे।

# स्कूल खेल प्रतियोगिता में हरियाणा ने जीता अंडर-17 फुटबॉल खिताब

- करनाल के ध्रुव नंदा ने शानदार खेल दिखाकर स्वर्ण पदक जीतने में निभाई भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता के अंडर-17 फुटबॉल टूर्नामेंट में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। खास बात यह रही कि हरियाणा की टीम में करनाल के ध्रुव नंदा भी शामिल रहे, जिन्होंने टूर्नामेंट के दौरान बेहतर प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। टीम की जीत पर ध्रुव नंदा को भी स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। ध्रुव नंदा के पिता उमेश नंदा ने बताया कि ध्रुव कर्ण स्टेडियम में कोच रमन, अमित और पुनीत के मार्गदर्शन में अभ्यास करता है। करनाल जिला टीम की ओर से खेलते हुए ध्रुव ने कई मुकाबलों में शानदार खेल दिखाया और कई गोल भी किए। उसकी खेल प्रतिभा को देखते हुए उसका चयन हरियाणा की टीम में किया गया। उन्होंने कहा कि पानीपत में आयोजित राष्ट्रीय टूर्नामेंट ध्रुव के लिए बड़ा मंच रहा, जहां उसने अपनी मेहनत और खेल कौशल से पहचान बनाई। ध्रुव नंदा ने कहा कि वह अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने सभी प्रशिक्षकों, स्कूल के पीटीआई संजय और अपने माता-पिता को देता है।




स्वर्ण पदक जीतने के बाद खुशी जताते करनाल के ध्रुव नंदा।

## खबर संक्षेप

### समालखा के दो दुकानों से समान चोरी

**समालखा।** समालखा के नारायणा-मनाना फाटक के पास मंगलवार देर रात चोरों ने दो दुकानों से नगदी व सामान चोरी कर लिया। चोरों ने बिट्टू फोटो स्टूडियो करीब बीस हजार रूपये का सामान चोरी कर लिया। जबकि मेहरद्दीन की मोबाइल फोन की दुकान से करीब पचास हजार रूपये कीमत का सामान चोरी कर लिए। दुकानदारों की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने घटनास्थल की जांच की।

### हरियाणा रग्बी टीम 18 रैंक पर

**पानीपत।** राष्ट्रीय सब जूनियर लड़कों की रग्बी सेवन प्रतियोगिता के प्रीक्वार्टर फाइनल में हारने के बाद हरियाणा ने रैंक 17-24 के लिए पहले मकाबले में जम्मू कश्मीर को 26-0 से एक तरफा मुकाबले में हराया। हरियाणा रग्बी के कॉर्डिनेटर नरेंद्र मोर, कोच राजेश तक्षक और अमन मलिक ने बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम 18 वें रैंक पर पहुंच गई है। इस अवसर पर बबीता सिंह, उषा सैनी, अभिषेक मलिक, अजय मलिक, सीमा जून, विजय मलिक, प्रियंका कटवाल, सुरेंद्र सैनी व दिनेश जून आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई

**पानीपत।** पानीपत यातायात पुलिस ने धुंध में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में यातायात थाना प्रभारी अनिल की टीम ने जीटी रोड टोल प्लाजा पर वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन चालकों को जागरूक किया। इधर, थानेदार अनिल ने बताया कि कोहरे व धुंध के चलते सड़कों पर दृश्यता कम होगी।

### ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को टोल प्लाजा पर विशेष जागरूक्ता कार्यक्रम आयोजित कर वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना रहा। इधर, थानेदार अनिल ने टीम के साथ इस दौरान वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा सड़क संकेतों का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया।

### पुलिस लाइन में सूर्य नमस्कार किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वास्थ्य, अनुशासन और मानसिक सुढ़ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूर्य नमस्कार का सामूहिक अभ्यास किया। सभी प्रतिभागियों ने निर्धारित क्रम में सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का अभ्यास किया। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों ने जहां सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया, वहीं पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को स्वस्थ्य रहने के टिप्स दिए।

जिला स्तरीय सरस्वती महोत्सव प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा


# विद्यार्थियों को हरियाणवी संस्कृति का ज्ञान जरूर दें शिक्षक : बूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड और शिक्षा विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में बीआरसी हॉल पानीपत में आयोजित जिला स्तरीय सरस्वती महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी पानीपत राकेश बूरा ने बताया कि हरियाणा सरकार सरस्वती नदी के बारे में जानकारी और सरस मेले के माध्यम से हरियाणा विरासत संरक्षण के लिए विशेष पहल कर रही है जिसके तहत जिला स्तर पर पेंटिंग, रंगोली, निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को इस प्रकार के आयोजन से हरियाणा प्रदेश की विरासत और संस्कृति का ज्ञान मिलता है। बीईओ पानीपत जयपाल सरोहा ने बताया कि जिला स्तरीय पर पानीपत के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने अपने हुनर के माध्यम से सरस्वती नदी के बारे में और हरियाणा प्रदेश की सभ्यता संस्कृति के साथ साथ विरासत को प्रदर्शित किया है। संस्कृत अध्यापिका और संयोजक रश्मि ने कहा कि विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से पेंटिंग और रंगोली बनाई और अपने ज्ञान कौशल से निबंध लेखन के साथ क्वीज प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में हिंदी प्राध्यापक रविंद्र सिंह, राकेश कुमार, नीरज सैनी, अनिरुद्ध, धर्मेंद्र, सत्यपाल, दीपक और योगेन्द्र ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर मनीता, रिंकेश, प्रदीप मलिक, सुरेन्द्र राठी मौजूद रहे। इधर, पेंटिंग बनाने में आर्यन बड़ौली स्कूल प्रथम, जतिन कृष्णपुरा स्कूल द्वितीय, हर्षदीप तहसील कैंप स्कूल तृतीय रहे। रंगोली बनाने में शगुन बड़ौली स्कूल प्रथम, अदिति मॉडल टाउन स्कूल द्वितीय, नेहा कन्या स्कूल मतलौडा स्कूल तृतीय रही। निबंध लेखन में हर्षिता आरोही स्कूल छाजपुर कला प्रथम, मनीषा कन्या स्कूल मतलौडा स्कूल द्वितीय और रागिनी चंदौली तृतीय स्थान पर रहे। क्विज़ कन्या स्कूल मतलौडा प्रथम, आरोही स्कूल छाजपुर द्वितीय और बापौली स्कूल स्थान पर तृतीय रहे।


पानीपत। में सरस्वती महोत्सव में अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## चुलकाना धाम में बंसत पंचमी पर्व की तैयारी शुरू, मंदिर में भव्य कार्यक्रम होगा



**समालखा।** इस वर्ष माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 23 जनवरी को पड़ रही है। इस दिन बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए समालखा के चुलकाना स्थित खाटू श्याम बाबा मंदिर में श्रृंगार किया जाएगा और भक्तों को पीले वस्त्र वितरित किए जाएंगे। इस बार पहली बार ऐसा होगा जब पूरे फरवरी महीने तक भक्तों को पीले वस्त्र बांटे जाएंगे। यह कहना है मंदिर कमेटी के प्रधान रोशन छौक्कर का। उन्होंने कहा कि भक्तों की हर साल बसंत पंचमी पर बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए ये निर्णय लिया गया है कि इस बार सिर्फ बसंत पंचमी ही नहीं बल्कि फरवरी महीने के अंतिम दिन तक भक्तों को पीले वस्त्र बांटे जाएंगे। ताकि भक्तों को भीड़ का सामना न करना पड़े। वहीं शहर से खाटू श्याम की पैदल यात्रा निकालने वाली वृंदावन ट्रस्ट के महासचिव हरीश बंसल ने मंदिर में पहुंचकर 11 मीटर पीला रंग का कपड़ा भेंट किया। श्रद्धालुओं को विशेष प्रसाद के रूप में बाबा के पीतांबरी वस्त्र के छोटे-छोटे टुकड़े वितरित किए जाएंगे। इस मौके पर फतेह सिंह पुजारी, राहुल पुजारी, काला आदी मौजूद रहे। वहीं, हरीश बंसल ने बताया कि बाबा श्याम की महिमा जितनी निराली है उतना ही अनुपम उनका श्रृंगार व पोशाक होती है। श्रद्धालुओं के मन में इसे देखने व पाने की ललक रहती है। बाबा श्याम की ऐसी एक पीत पोशाक बसंत पंचमी की है। जिसे पाने के लिए श्रद्धालु लालायित रहते हैं और जिसे यह वस्त्र मिल जाता है, उसे सौभाग्यशाली माना जाता है। आस्था की दृष्टि से इस वस्त्र का भक्तों में काफी महत्व है। उनका मानना है कि यह वस्त्र किसी वरदान से कम नहीं है। इससे संतान प्राप्ति, शादी, व्यापार, नौकरी, सुख शांति आदि मिलकर जीवन के सभी दुःख दूर होते हैं।

# नितिन के भाजपा अध्यक्ष बनने पर मिठाई बांटी

- जश्न में शामिल हुए मंत्री विधायक आदि
- भाजपा में परिवारवाद नहीं प्रजातंत्र है : दुष्यंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 स्थित भाजपा ऑफिस श्याम कमल में भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्वाचित होने पर जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व मिठाई बांटी। कार्यक्रम अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की और हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, शहरी विधायक प्रमोद विज, जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, मोर्चा अध्यक्ष आरडी कल्याण, रोशन लाल माहला, नेहा शर्मा, अनीता चावला, भावना जैन, ओम दत्त आर्य, संजय त्यागी, धर्मपाल जागलान और सभी मंडल अध्यक्षों ने बधाई देते हुए कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है और पार्टी हाई कमान का जो भी निर्णय होता है उसी को सभी कार्यकर्ता शिरोधार्य करते हैं। मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि नितिन नबीन का इस पद पर निर्वाचित होना युवाओं को सम्मानित करने जैसा है। इससे निश्चित तौर पर युवा कार्यकर्ताओं के मन में नई उमंग और जोश का संचार होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के अध्यक्ष पद पर एक युवा को जिम्मेदारी मिलना एक परिवर्तन का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद, अन्त्योदय, सुशासन और पूरी पारदर्शिता के साथ समाज के गरीब वर्गों का उत्थान करना भाजपा का मूल उद्देश्य है।


पानीपत। भाजपा कार्यालय में नितिन के अध्यक्ष बनने पर मिठाई बांटते जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, आदि। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा के सबसे युवा पार्टी अध्यक्ष

शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि नितिन नबीन की नियुक्ति पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कहना कि पार्टी मामलों में अब नबीन ही मेरे बॉस होंगे दर्शाता है कि पार्टी में अध्यक्ष पद का कितना महत्त्व है। इससे भी बड़ी बात यह है कि नितिन नबीन 45 वर्ष के हैं जो आज तक के भाजपा के सबसे युवा पार्टी अध्यक्ष हैं। इस नियुक्ति से निश्चित ही देश के युवा वर्ग में विशेष खुशी की झलक स्पष्ट नजर आती है। जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा के संगठनात्मक चुनाव के निर्वाचन अधिकारी के लक्ष्मण ने जब नतीजों की घोषणा की तो सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नबीन बिहार से पांच बार विधायक रह चुके हैं और गत 14 दिसंबर को ही भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त हुए थे। इनकी नियुक्ति से युवा ऊर्जा और भरपूर अनुभव का लाभ भाजपा को मिलेगा।

डॉ. नीतू और प्राध्यापक कुलदीप ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत

# शिविर के सातवें दिन का मुख्य सत्र ऑर्गेनिक और हर्बल गार्डन बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा गांव खोतपुरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित हुई। दिन का शुभारंभ स्वयंसेवकों द्वारा 'वंदे मातरम' के गायन और योगाभ्यास के साथ किया। वहीं, शिविर के सातवें दिन का मुख्य सत्र ऑर्गेनिक और हर्बल गार्डन बनाना और उसकी देखभाल विषय पर आधारित रहा। इसमें देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज के इतिहास विभाग से प्रो. दलजीत कुमार जिन्हें ग्रीन मैन के रूप में जाना जाता है ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, उप-प्राचार्या डॉ. किरण मदान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी खुशबू, डॉ. नीतू और प्राध्यापक कुलदीप ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि अधिक से अधिक हर्बल और ऑर्गेनिक पौधे लगाकर हम न केवल स्वस्थ जीवन जी सकते हैं, बल्कि पर्यावरण की रक्षा भी कर सकते हैं। प्रो. दलजीत कुमार (ग्रीन मैन) ने स्वयंसेवकों को कम लागत में घर पर हर्बल, ऑर्गेनिक और ऑक्सीजन गार्डन तैयार करने के तरीके बताए। उन्होंने इंसुलिन, कड़ी पत्ता, अजवाइन, तुलसी, पबरी, नीम, इलायची, तेजपत्ता, गिलोय, ब्राह्मी और स्नेक प्लांट जैसे पौधे लगाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि ये पौधे वायु प्रदूषण कम करने और मानसिक स्वास्थ्य सुधारने में सहायक हैं।


पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक के साथ शिक्षक व स्वयं सेवी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आर्य कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया


पानीपत। आर्य कॉलेज में विजेता विद्यार्थी को पुरस्कृत करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर आर्य पीजी कॉलेज में रेड रिबन क्लब गतिविधियों के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पंचकूला द्वारा जागरूकता कार्यक्रम एवं क्विज का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में जरूर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए आज के समय में ऐसी बीमारियों के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर ईएसआई अस्पताल पानीपत से काउंसलर अंजू द्वारा एचआइवी एडस एचसीवी एवं टीबी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान एनएसीओ की सोशल मीडिया हैंडल एवं हेल्पलाइन नंबर 1097 के प्रचार.प्रसार पर विशेष जोर दिया गया ताकि छात्र किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए सही माध्यम तक पहुंच सकें। क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वहीं प्रश्नोतरी में छात्र अमन ने प्रथम, देविका ने द्वितीय व छात्र दिपांश ने तृतीय स्थान हासिल कर पुरस्कार अपने नाम किया। इस अवसर पर कॉलेज की रेड रिबन इकाई के प्रभारी प्रो.विजय सिंह, प्राध्यापक ललित व प्राध्यापिका खुशबू वर्मा मौजूद रहे।

# एमयूएन बैक टू स्कूल सीरीज में शामिल हुआ डीपीएस पानीपत सिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में बुधवार का दिन एमयूएन (माडल यूनाईटड नेशन) के विद्यार्थियों के लिए ऐतिहासिक रहा। विद्यालय को विश्व स्तर पर चुने गए केवल 100 स्कूलों की' एमयूएन बैक टू स्कूल सीरीज' में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रख्यात अभिनेत्री और राष्ट्रीय आइकन रानी मुखर्जी के साथ एक विशेष वर्चुअल संवाद सत्र में भाग लिया। इस सत्र में विद्यार्थी उत्साहित नज़र आए। सत्र का मुख्य केंद्र 'नेतृत्व ' और 'कहानी कहने की कला' रहा। वहीं, संवाद के दौरान रानी मुखर्जी ने अपने करियर के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कैसे एक प्रभावी कहानी वैश्विक स्तर पर बदलाव ला सकती है। उन्होंने नेतृत्व के गुणों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने और समाज में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने बताया कि उनके लिए यह सत्र बहुत प्रेरणादायक एवं उपयोगी था। उन्होंने कहा कि रानी मुखर्जी जैसी शख्सियत से सीधे बात करना हमारे लिए किसी सपने जैसा था। उन्होंने हमें सिखाया कि नेतृत्व केवल आदेश देना नहीं, बल्कि अपनी कहानी के माध्यम से दूसरों को प्रेरित करना है। एमयूएन क्लब के कॉर्डिनेटर ऋतिक जिंदल ने तकनीकी व्यवस्थाओं और जूम कनेक्शन द्वारा इस सत्र का सफल संचालन किया।


समालखा। दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में छात्राएं, अभिनेत्री रानी मुखर्जी का संबोधन सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

# रिफाइनरी में आपदा ड्रिल के बाद समीक्षा बैठक की


पानीपत। रिफाइनरी में ऑनसाइट आपदा ड्रिल की समीक्षा करते अधिकारी।

- आधे घंटे के अथक प्रयासों के बाद 16 .52 बजे स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण प्राप्त कर सामान्य होने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स (पीआरपीसी) द्वारा बाह्य सुरक्षा ऑडिट के तहत पानीपत रिफाइनरी संयंत्र में विभिन्न विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व हाइड्रोकार्बन गैस के खतरे एवं आग से निपटने की तैयारियों का आंकलन करने को ऑनसाइट आपदा ड्रिल आयोजित की गई। कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख एमएल डहरिया ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति का आंकलन किया और लगभग आधे घंटे के अथक प्रयासों के बाद 16.52 बजे स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण प्राप्त कर सामान्य होने की घोषणा की। इस आपदा ड्रिल के बाद समीक्षा बैठक की। बैठक में आपातकालीन तैयारी योजना में और सुधार के लिए आपातकालीन समन्वयकों द्वारा दी गई रिपोर्ट की समीक्षा डहरिया तथा संबन्धित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में की गई।

# भगवान भी कांग्रेसियों की गुटबाजी खत्म नहीं करवा सकते : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कांग्रेस पार्टी की आंतरिक कलह व राहुल गांधी के कुरुक्षेत्र दौरे पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता ही एक दिशा में नहीं हैं, वे जनता का क्या भला करेंगे। ढांडा ने भाजपा कार्यालय श्याम कमल में मीडिया से बातचीत में कहा कि वर्तमान में कांग्रेस की हालत उस टूटे हुए तांगे जैसी हो गई है, जिसमें 10 घोड़े तो लगे हैं, लेकिन विडंबना यह है कि हर घोड़ा उस तांगे को अपनी-अपनी दिशा में खींच रहा है। कोई पूरब भाग रहा है तो कोई पश्चिम। जब खींचने वाले ही अलग-अलग दिशाओं में जोर लगाएंगे, तो वह तांगा आगे बढ़ने के बजाय वहीं बिखर जाएगा। भगवान भी कांग्रेसियों की गुटबाजी खत्म नहीं करवा सकते। यही हाल आज कांग्रेस के बड़े नेताओं का है। मंत्री ढांडा ने पूर्व मुख्यमंत्री व नेता विपक्ष भूपेंद्र हुड्डा के बयानों पर भी पलटवार करते हुए कहा कि हुड्डा, भाजपा को इवेंट मैनेजमेंट की सरकार कहते हैं, उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। कांग्रेस की सरकार लूट-खसोट और प्रॉपर्टी डीलिंग की दुकान थी। उन्होंने राहुल गांधी के कुरूक्षेत्र दौरे को राजनीतिक में कुटनीति से सना स्टंट करार देते हुए कहा कि राहुल गांधी तो इंसान ही है, यदि ब्रह्मा भी धरती पर आ जाए कांग्रेस की गुटबाजी खत्म नहीं करवा सकते। गुटबाजी के चलते कांग्रेस धीरे धीरे स्वयं ही खत्म हो जाएगी। इस अवसर पर मंत्री ढांडा के साथ विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, चेतन तनेजा आदि उपस्थित रहे। वहीं, मंत्री ढांडा ने जनसुनवाई की।



राहुल गांधी एक बड़े नेता के बजाय परिवार के एक सदस्य की तरह नजर आए

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ग्रामीण जिला अध्यक्ष रमेश व उनके परिजनों से की मुलाकात, जाना हाल-चाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में इन दिनों कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन और संगठन मंथन का केंद्र बनी हुई है। ब्रह्म सरोवर के तट पर स्थित एक स्थानीय धर्मशाला में चल रहे 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर के दौरान उस समय उत्साह का ठिकाना नहीं रहा, जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अचानक कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। इस दौरान राहुल गांधी के सरल और आत्मीय अंदाज ने न केवल हरियाणा और उत्तराखंड के जिला अध्यक्षों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि एक ऐसी तस्वीर पेश की जो आने वाले चुनावों में कांग्रेस के लिए 'संजीवनी' का काम कर सकती है। शिविर का सबसे भावुक और चर्चा का विषय वह क्षण रहा जब राहुल गांधी ने पानीपत कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष रमेश मलिक और उनके परिजनों से व्यक्तिगत मुलाकात की। राहुल गांधी ने रमेश मलिक के परिवार के सदस्यों से उनका हाल-चाल जाना और उनके साथ काफी समय बिताया। इस मुलाकात के दौरान राहुल गांधी एक बड़े नेता के बजाय परिवार के एक सदस्य की तरह नजर आए। उन्होंने संगठन की मजबूती के साथ-साथ कार्यकर्ताओं के व्यक्तिगत संघर्षों पर भी चर्चा की। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद उत्साहित ग्रामीण जिला अध्यक्ष रमेश मलिक ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि आज का दिन उनके जीवन के सबसे यादगार दिनों में से एक है। राहुल गांधी का व्यक्तित्व बेहद सरल और प्रेरणादायक है। उन्होंने न केवल संगठन को लेकर मेरा मार्गदर्शन किया, बल्कि मेरे परिवार से भी इतनी आत्मीयता से मिले जैसे कोई अपना बड़ा भाई मिलता है। उनकी यही सादगी हमें उनके लिए और पार्टी के लिए जी-जान से काम करने की शक्ति देती है।




### कार्यकर्ताओं में अनुशासन का संचार करना है

स्पष्ट संदेश दिया है कि कांग्रेस केवल एक दल नहीं, बल्कि एक परिवार है। बता दे कि 13 जनवरी से शुरू हुए इस 10 दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य हरियाणा और उत्तराखंड में पार्टी के जमीनी नेतृत्व को तराशना है। हरियाणा और उत्तराखंड के कुल 59 जिला एवं शहरी अध्यक्ष भाग ले रहे है। जिसका उद्देश्य बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना, जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना और कार्यकर्ताओं में अनुशासन का संचार करना है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत

**जींद।** गांव छात्तर तथा करसिंधु के बीच अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव थुआ निवासी संदीप बीती देर शाम पैदल उचाना जा रहा था। गांव छात्तर तथा करसिंधु के बीच अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

### सड़क हादसे में युवक घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** नेशनल हाईवे 152 पर हुए सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इंदिरा कॉलोनी नरवाना के प्रदीप ने थाना कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जनवरी को जब उसका भाई संदीप श्री राम होटल दुमाडा के पास से जा रहा था तो एक अज्ञात वाहन चालक ने अपने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलते उसे चपेट में ले लिया।

### तेज आवाज में गाने बजाने से रोका तो कर दिया हमला

**जींद।** गांव अलेवा में घर के सामने गाने तेज आवाज में बजाने को लेकर हुए झगड़े में एक पक्ष के छह लोग घायल हो गए। अलेवा थाना पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अलेवा निवासी नीलम ने पुलिस को शिकायत दी है।

### घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने महिला के घर में घुसकर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का एक मामला दर्ज किया है। गांव बाता की निर्मला देवी ने कलाई पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 को व्यक्तियों द्वारा उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक पर लिफ्ट देकर जेवरात व नकदी छीनी

**जींद।** सफीदों से दो युवकों ने एक महिला को पहले बाइक पर लिफ्ट दी। फिर गांव हाट के निकट महिला से कानों की सोने की बाली, कोका, पांच हजार रुपये की नगदी तथा वीवो के फोन को छीन लिया और फरार हो गए। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ छीना झपटी को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जीआरपी-आरपीएफ ने चलाया सर्च अभियान

**जींद।** गणतंत्र दिवस के चलते जीआरपी व आरपीएफ ने संयुक्त रूप से जींद जंक्शन पर सर्च अभियान चलाया। जीआरपी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जीत सिंह व आरपीएफ थाना प्रभारी कुलदीप ने कहा कि ट्रेन में कोई भी अवैध सामान या व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत सूचना पुलिस को दें। गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इसके चलते ही जींद जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

# हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह : अजय

## डीसी ने तैयारियों को लेकर की समीक्षा, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर बुधवार काके अपने कार्यालय के सभागार में आयोजित संबंधित विभागों के अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक ली। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है जिसे 26 जनवरी को पूरे हर्षोल्लास, गरिमा एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सुचारू एवं सफलतापूर्वक किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह अंबाला शहर के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी तथा परेड की सलामी लेंगी। उपायुक्त ने समारोह की तैयारियों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में आमजन के साथ-साथ अधिकारी एवं कर्मचारी अपने परिवार सहित भाग लें, ताकि राष्ट्रीय पर्व को पुरी भव्यता के साथ मनाया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समारोह में शामिल होने वाली सभी विभागों की झांकियां उत्कृष्ट, आकर्षक एवं समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचनी चाहिए।इस दौरान उन्होंने नगर निगम द्वारा कार्यक्रम स्थल व आसपास के क्षेत्रों में सफाई , पुलिस विभाग द्वारा पार्किंग, यातायात एवं सुरक्षा, स्वास्थ्य विभाग एम्बुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने बिजली निगम, लोक निर्माण विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, लोक संपर्क विभाग, अग्निशमन विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग की जो ड्यूटी एवं जिम्मेदारियां लगाई गई है उन्हें समयबद्ध करवाने के निर्देश दिएं। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को पुलिस लाइन मैदान में फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गणतंत्र दिवस समारोह के अंतर्गत प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार किए जाएं तथा सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं।

■ समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करें



**अंबाला।** अफसरों को निर्देश देते डीसी अजय सिंह तोमर। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त विराट, एसडीएम दर्शन कुमार, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी विजय कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विजय लक्ष्मी, जिला सैनिक बोर्ड से कर्नल श्योराण, डीआईओ शुभम जोधा, डीपीओ मनीषा गागट, डीएचओ सत्यानारायण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


**बराड़ा।** तंदवाल रेलवे स्टेशन का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

# तंदवाल रेलवे हॉल्ट पर 5वें दिन भी लटका रहा ताला

■ ऑनलाइन ऐप से वैध टिकट लेकर यात्रा करें यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

तंदवाल रेलवे स्टेशन (हॉल्ट) पर पांचवें दिन भी टिकट काउंटर बंद रहा। टिकट काउंटर बंद होने के बावजूद रेलवे प्रशासन की ओर से अब तक न तो किसी कर्मचारी की तैनाती की गई और न ही कोई अस्थायी टिकट व्यवस्था शुरू की गई, जिससे यात्रियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। वर्ष 2005 से यह रेलवे स्टेशन (हॉल्ट) ठेके पर चला हुआ था, लेकिन कोरोना के कारण बंद हुई ट्रेनें के कारण ठेकेदार को टिकट कमीशन में घाटा पड़ने लगा। 16 जनवरी को ठेकेदार ने यहां ताला लगा दिया और लोगों को टिकट मिलने बंद हो गए। पांच दिन बीत जाने के बाद भी तंदवाल हॉल्ट पर कोई व्यवस्था नहीं बदली है। यात्रियों को मजबूरी में बिना टिकट यात्रा करनी पड़ रही है, जो सीधे तौर पर रेलवे नियमों का उल्लंघन है। लोगों का कहना है कि रेलवे की उदासीनता ने ईमानदार यात्रियों को अपराधी बना दिया है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब ठेका दिसंबर 2026 तक वैध था तो बीच में टिकट काउंटर कैसे बंद हो गया।

### जल्द टेंडर जारी होगा

"यह मामला हमारे संज्ञान में है। तंदवाल रेलवे स्टेशन नहीं बल्कि हॉल्ट है। लोगों को चाहिए कि वह पास के रेलवे स्टेशन या ऑनलाइन ऐप से टिकट लेकर यात्रा करे। इस मामले में ठेकेदार से बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा, अन्यथा जल्द नया टेंडर जारी किया जाएगा, ताकि यात्रियों को परेशानी न हो।"

-नवीन कुमार, सीनियर डीसीएम, अंबाला डिविजन।

# कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर निगम के खिलाफ की नारेबाजी

■ एचएसईबी) वर्कर यूनियन का आंदोलन लगातार नौवें दिन रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (एचएसईबी) वर्कर यूनियन का आंदोलन बुधवार को भी जारी रहा। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी और लंबित मांगों को लेकर निगम प्रबंधन के साथ हुई वार्ता विफल होने के बाद कर्मचारियों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। यूनिट के प्रधान सतबीर देसवाल ने एलान किया कि केंद्रीय परिषद के आह्वान पर अब 5 फरवरी को प्रदेश भर के कर्मचारी पंचकूला में एसीएस पावर का घेराव करेंगे। यूनिट सचिव सोनू यादव ने बब्याल सब-डिवीजन में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग की गलत नीतियों और कर्मचारियों पर की गई एकतरफा पुलिस कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बब्याल प्रकरण में दर्ज एफआईआर निरस्त नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है, इसमें आगामी रणनीति पर कड़े फैसले लिए जा सकते हैं। कैंट यूनिट के अधीन आने वाली सभी सब-यूनिटों में 2 घंटे का विरोध प्रदर्शन किया गया। बब्याल में राकेश राणा, नंबर 2 में हरजीत सिंह, नंबर 1 में राज कुमार व बराड़ा में प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया।

# मांगों को लेकर कर्मचारियों ने भरी हुंकार

■ जीएम को करवाया अवगत, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ व इंटक ने कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर हुंकार भरी। यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक अश्वनी डोगरा के साथ बैठक की। नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों का समयबद्ध समाधान नहीं हुआ, तो फरवरी में राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जाएगा। महाप्रबंधक के साथ हुई सकारात्मक चर्चा के बाद यूनियन के प्रधान रमेश श्योकंद और बलविंदर सैनी ने बताया कि कई वित्तीय मामलों पर प्रगति हुई है, फरवरी और अगस्त माह का ओवरटाइम ट्रेजरी भेज दिया गया है, जल्द भुगतान होगा, बकाया टीए बिलों के भुगतान के लिए फाइल वित्त विभाग को भेज दी गई है। पात्र कर्मचारियों के एसीपी केस प्रोसेस कर दिए गए हैं, वर्कशॉप कर्मचारियों के बकाया वेतन का मामला भी ट्रेजरी पहुंच चुका है, लंबित जांच केसों का निपटारा अब वरिष्ठता के आधार पर तेजी से किया जा रहा है। पूर्व राज्य प्रधान इंद्र सिंह बधाना ने कहा कि डिपो स्तर की मांगों के अलावा बड़े मुद्दों पर आर-पार की लड़ाई होगी। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के 31 दिसंबर 2025 के फैसले के अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, 8वां वेतन आयोग लागू करना, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, इन प्रमुख मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारी 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। डिपो प्रधान रमेश श्योकंद ने घोषणा की कि यूनियन जल्द ही कर्मचारी संवाद कार्यक्रम शुरू करेगी। इसके तहत डिपो के हर कर्मचारी से मिलकर उनकी समस्याओं को चिह्नित किया जाएगा और उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में वीरभान बैनीवाल, संजय कालता, महावीर पाई, सरबजीत सिंह, मंगा राम, सतनाम सिंह और नरेंद्र सैनी समेत कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।



**बराड़ा।** स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# गायन प्रतियोगिता में काजल ने मारी बाजी

■ सिमरन द्वितीय स्थान पर रही

**बराड़ा।** अधोया स्थित लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में टैलेंट कार्निवल का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रहमदीन उपस्थित रहे। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन राजकुमार सांगवान एवं कॉलेज सचिव रमेश सांगवान विशेष रूप से मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी छिपी प्रतिभाओं को मंच मिलता है। कार्यक्रम का सफल संचालन बीएड छात्रा पूजा एवं आशना ने किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गायन प्रतियोगिता में काजल ने प्रथम, सिमरन ने द्वितीय तथा शिवानी (बीएड प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में योगिता एवं पूजा (बीएड प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान हासिल किया। शायरी प्रतियोगिता में अंकित कुमार प्रथम तथा विशाल (बीएड प्रथम वर्ष) द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में सविता (बीएड प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# घरेलू गैस के इस्तेमाल को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में घरेलू गैस के सुरक्षित उपयोग को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में बलकार सिंह ने विद्यालय के स्टाफ सदस्यों, मिड-डे मील कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को घरेलू गैस के सुरक्षित एवं सही उपयोग की जानकारी दी तथा इससे जुड़ी सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।


**बराड़ा।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए किया प्रेरित

इसके उपरांत समाजसेवी हुकम सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज में फैल रही बुराइयों से दूर रहने, स्वच्छता अपनाने, नशे से बचने तथा सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### नशीले कैप्सूल तस्करी मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** सीआईए-नारायणगढ के पुलिस दल ने नशीले कैप्सूल बेचने के मामले में आरोपी हर्ष कुमार को गिरफ्तार किया है। सीआईए-नारायणगढ प्रभारी उप निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि 4 दिसंबर 2025 को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी गुरमेज सिंह नशीले कैप्सूल बेचने का कार्य करता है। सूचना उपरांत जांच टीम ने आरोपी गुरमेज सिंह को 128 नशीले कैप्सूल्ज सहित काबू किया है। अब उसके खिलाफ केस दर्ज किया है।

# रजनी अव्वल और आर्यन द्वितीय रहे

■ गवर्नमेंट पीजी कॉलेज छावनी में प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला छावनी में रेड रिबन क्लब के अंतर्गत दो जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ देसराज बाजवा ने विजेता छात्रों को सम्मानित किया। प्रथम कार्यक्रम के रूप में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्रो. शिल्पा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने एचआईवी/एड्स जागरूकता से संबंधित संदेशों पर हस्ताक्षर कर समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। दूसरे कार्यक्रम के रूप में पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्रो. बिंदु के निर्देशन में किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने गमलों को आकर्षक रूप से सजाकर उन पर एचआईवी/एड्स जागरूकता से संबंधित चित्र, नारे एवं संदेश अंकित किए। प्रतियोगिता के मूल्यांकन में डॉ. वंदना, प्रो. सुजाता एवं डॉ. अभा चौधरी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रजनी, द्वितीय स्थान आर्यन तथा तृतीय स्थान अमन ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त आंचल, तमन्ना एवं मोहम्मद शोएब को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रेड रिबन क्लब की कन्वीनर डॉ. अंजू तंवर का विशेष योगदान रहा।

# हर वार्ड को सभा के लिए दो भागों में बांटा

## हर नागरिक की समस्या का होगा समाधान

■ एरिया के 10 प्रतिशत मतदाताओं का भाग लेना बहुत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के 20 वार्डों में नगर निगम की ओर से सभाएं आयोजित की जाएंगी। इन सभा के जरिये निगम की ओर से नियुक्त किए गए वार्ड सचिव वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों का सत्यापन करेंगे।

इन योजनाओं के सत्यापन को लेकर निगम के पास सरकार की ओर से सूची भेजी गई हैं। इन सभा का आयोजन बुधवार सुबह 11 बजे से किया गया। इन योजनाओं के अलावा एरिया सभा की अनुमति से एजेंडा को भी शामिल किया जाएगा और इन एजेंडा को निगम अधिकारियों की ओर से सरकार तक पहुंचाया जाएगा।

हरियाणा नगरपालिका भागीदारी अधिनियम 2008 के प्रावधानों के अनुसार सभा होगी। एरिया सभा के कुल मतदाताओं के 10 प्रतिशत मतदाताओं की ओर से भाग लिया जाना आवश्यक है। हर वार्ड को सभा के लिए दो भाग में बांटा गया है। वार्डों में यह सभा आयोजित की गई, मगर ही लोग पहुंचे। निगम की ओर से पूर्व पार्षदों की बैठक भी ली गई।

## नौ दिवसीय श्रीमद्भगवद गीता प्रवचन कार्यक्रम के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को किया संबोधित

# गीता ज्ञान हृदय में धारण करने से जीव को संसार सागर से मुक्तिः कमलानंद

■ श्रीमद्भगवद गीता के श्रवण मात्र से संभव है मोक्ष की प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्री कल्याण कमल आश्रम, हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी श्री कमलानंद गिरि महाराज ने कहा कि श्रीमद्भगवद गीता अद्वैत रूपी अमृत की वर्षा करती है, जबकि द्वैत में दुःख, भय और अशांति का वास होता है। जिस व्यक्ति के हृदय में गीता का ज्ञान स्थापित हो जाता है, उसे माया कभी भ्रमित नहीं कर सकती। जब तक मनुष्य के हृदय में संसार का मोह भरा रहता है, तब तक गीता का प्रवेश संभव नहीं हो पाता। यदि गीता ज्ञान को हृदय में धारण कर लिया जाए तो जीव सदा के लिए संसार सागर से पार हो जाता है और जन्म-मरण के कुचक्र से मुक्त हो जाता है। यह सदविचार स्वामी कमलानंद गिरि महाराज ने श्री रघुनाथ मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद्भगवद गीता प्रवचन कार्यक्रम के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि वेदव्यास ने 18 पुराणों की रचना की, एक लाख श्लोकों वाला महाभारत ग्रंथ लिखा तथा वेदों के चार विभाग किए। शास्त्रकारों के अनुसार संसार का समस्त ज्ञान वेदव्यास जी का प्रतिपादित किया हुआ है, इसलिए उन्हें बार-बार प्रणाम करने का विधान है। उन्होंने महाभारत की तुलना तेल से भरे दीपक से करते हुए कहा कि उस दीपक की ज्योति श्रीमद्भगवद गीता है। गीता ज्ञान का प्रकाश मानव के आंतरिक अंधकार को दूर कर देता है। जिस अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाने के लिए ऋषि-मुनियों ने कठिन तपस्याएं कीं, वह केवल गीता के श्रवण मात्र से भी नष्ट हो सकता है। गिरि महाराज ने कहा कि कल्पवृक्ष भले ही सांसारिक इच्छाएं पूरी कर दे, परंतु मोक्ष देने में असमर्थ है, जबकि श्रीमद्भगवद गीता के श्रवण से मोक्ष की प्राप्ति संभव है। उन्होंने कहा कि जैसे चुंबक लोहे को अपनी ओर खींचता है, वैसे ही परमात्मा अपने भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। जो भक्त निरंतर भगवान श्रीकृष्ण के नाम का जप करता है। वह आनंद के सिंधु में गोते लगाता है और आवागमन के चक्र से सदा के लिए मुक्त हो जाता है।


**अंबाला।** सत्संग समारोह में प्रवचन करते महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि महाराज तथा उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### मोबाइल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज मोबाइल फोन छीनने के मामले में पुलिस ने आरोपी मोहम्मद मुशरफ को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 16 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 अक्तूबर 2025 को रानीबाग से आरोपी ने उससे मोबाइल फोन छीन लिया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अब आरोपी को काबू किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005